आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 09.03.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए ''मुख्यमंत्री महिला सारथी योजना'' के पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की।
- प्रदेश के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ईसीएचएस और एम्स ऋषिकेश के बीच समझौता।
- राजभवन में आयोजित वसंतोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह।
- चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से।

महिला सारथी योजना

राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए ''मुख्यमंत्री महिला सारथी योजना'' के पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। देहरादून में परियोजना का शुभारंभ करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह योजना, प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि परिवहन क्षेत्र में महिलाएं पीछे थी, लेकिन अब इस क्षेत्र में भी महिलाएं अपना परचम लहराएंगी। गौरतलब है कि पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में यह योजना 10 ई–स्कूटी और 2–2 ई–ऑटो रिक्शा व ई–टैक्सी कार के साथ शुरू की जा रही है। इन वाहनों में महिला चालकों की सुरक्षा के मद्देनजर कई फीचर शामिल किए गये हैं। वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग नियमित रूप से होगी, ताकि महिला चालक या सवारी में से किसी को भी सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर तुरंत मदद मिल सके। वहीं, परिवहन विभाग, महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण दे रहा है और उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। पहले छह माह पायलेट प्रोजेक्ट का परिणाम देखने के बाद इसका विस्तार प्रदेश के अन्य शहरों में किया जाएगा।

स्वास्थ्य सुविधाएं

प्रदेश के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना– ईसीएचएस ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स, ऋषिकेश के साथ एक महत्वपूर्ण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। उत्तराखंड सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आर. प्रेम राज, और एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने सहमति पत्रों का आदान–प्रदान किया। समझौते से उत्तराखंड में रहने वाले 4.97 लाख से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों, खासकर राज्य के दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। पूर्व सैनिक समुदाय के लिए यह सेना का एक बड़ा प्रयास है, जिससे उन्हें उन्नत निदान, विशेष उपचार और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। ईसीएचएस और एम्स ऋषिकेश के बीच यह

समझौता, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस ऐतिहासिक समझौते के तहत एम्स ऋषिकेश, ईसीएचएस के पैनल में शामिल होने वाला राज्य का पहला सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन गया है, जिससे अब पूर्व सैनिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा आसानी से मिलेगी।

सदस्य नामित

प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल को प्राकृतिक आपदाओं के मामलों में राजस्व जुटाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह में सदस्य नामित किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया।

जीएसटी परिषद ने किसी राज्य में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में विशेष आपदा उपकर लगाने के लिये सात सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। मंत्री समूह के सदस्य प्राकृतिक आपदा या आपदाओं के मामले में राजस्व जुटाने के लिये राज्यों द्वारा विशेष उपकर लगाने की संवैधानिक और कानूनी जांच करेंगे। जीएसटी व्यवस्था के तहत राज्यों द्वारा ऐसे विशेष उपकर लगाने के उद्देश्य से किसी घटना को प्राकृतिक आपदा के रूप में वर्गीकृत करने के लिये उपयोग किये जाने वाले ढांचे की जांच और पहचान करना है।

बस सेवा

चम्पावत जिले में रोडवेज प्रशासन की ओर से मां पूर्णागिरि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 10 बसों का संचालन किया जाएगा। बसों का संचालन टनकपुर रोडवेज बस स्टेशन से होगा, जो ठूलीगाड़ तक चलेंगी। बूम तक प्रति यात्री 25 रुपये और ठूलीगाड़ तक 35 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। ए. आर.एम नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि रोडवेज बस स्टेशन से ठूलीगाड़ तक बूम और ठूलीगाड़ को स्टॉपेज बनाया है। होली के बाद पूर्णागिरी मेला शुरू होते ही बसों का संचालन शुरु कर दिया जाएगा। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर हल्द्वानी और बरेली रूट से आने वाली बसों को भी ठूलीगाड़ तक रूट में संचालित किया जाएगा। इस बार भी रोडवेज बस स्टेशन से ही बसों का संचालन किया जाएगा।

वसंतोत्सव

राजभवन में आयोजित वसंतोत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग, विभिन्न स्टॉलों से स्थानीय उत्पादों की खरीददारी कर रहे हैं। वसंतोत्सव में पुष्प प्रदर्शनी, लोक कला, स्थानीय उत्पाद, पारंपरिक वेशभूषा और हस्तशिल्प के स्टॉल, आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वसंतोत्सव के दूसरे दिन कल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आर्ट गैलरी और स्टॉल्स का भ्रमण किया। आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी में उत्तराखण्ड के ग्रामीण और शहरी जीवन, लोक परंपराओं, आध्यात्मिकता और प्रकृति की सुंदरता को अनूठे तरीके से प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल ने वसंतोत्सव में लगे सरकारी, गैर–सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प, जैविक

उत्पाद, औषधीय पौधों, फल–फूलों और पारंपरिक उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन भी किया। साथ ही कुछ स्थानीय उत्पाद खरीदे और विक्रेताओं से उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति को सशक्त किया जा सकता है।

चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल

चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज दोपहर ढाई बजे से भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को और न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। प्रतियोगिता में अपने सभी मैच जीतने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को हराया था।

भारतीय मानक ब्यूरो

बागेश्वर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा उपभोक्ता अधिकारों और मानकों के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "क्वालिटी कनेक्ट अभियान" की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि इस अभियान के तहत शासकीय विभागों और उनके अधीन अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर भारतीय मानकों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 10 मानक मित्र बनाए गए हैं, जो विभिन्न विभागों में जाकर भारतीय मानकों की भूमिका और आईएसआई मार्क उत्पादों के महत्व पर चर्चा करेंगे।

अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से जुड़ी विभिन्न ख़बरें आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं। दैनिक जागरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखता है– महिलाओं का सम्मान व सुविधा हमारी प्राथमिकता। कहा– भारत अब तीव्र गति के लिये महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के मार्ग पर चल रहा है। वहीं, हिंदुस्तान समाचार पत्र राज्य में शुरू हुई 'महिला सारथी' योजना को प्रमुखता के साथ प्रकाशित कर लिखता है– मुख्यमंत्री ने कहा– उत्तराखंड में महिलांए स्वरोजगार अपनाकर रोजगार देने वाली बनेंगी। मोदी के घाम तापो टूरिज्म के तहत काम करेगा पर्यटन विभाग, इस शीर्षक के साथ अमर उजाला अख़बार के अनुसार पर्यटन मंत्री सतपाल ने कहा है कि राज्य में जगह–जगह कॉरपोरेट और वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिये भी स्थान चिहिन्त किये जायेंगे।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सहकारी बैंक भर्ती में अनियमितता पर उचित निर्णय लेने का आदेश दिया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार– हाइकोर्ट ने सहकारी बैंको में समूह 'घ' की भर्ती में अनियमितता के मामले पर सहकारी समिति के रजिस्ट्रार को जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर चार महीने के भीतर उचित निर्णय लेने का आदेश दिया है।

डिजिटल अरेस्ट कर लाखों की ठगी करने वाला झारखंड से गिरफ्तार। इस ख़बर के साथ दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है– साइबर ठग ने दून के व्यक्ति को चौबीस घंटे डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 32 दशमलव तीन–एक लाख रुपए।